एक नजर में

## जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप इंदौर की साधारण सभा



इंदौर. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटिज़न, इंदौर मानव सेवा में अग्रणी, जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप इंदौर की मासिक साधारण सभा भण्डारी रिसोर्ट्स, बायपास रोड पर सदस्यों के लिये स्वर्णिम ज्ञान चुनौती के रूप में आयोजित की गई. इसमे सदस्यों से ज्ञानवर्धक, मनोरंजक सवाल पूछे गये. अध्यक्ष सुरेश देशलेहरा ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी. आगे भी ग्रुप द्वारा निरंतर मानव सेवा के कार्यो को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा. मानव सेवा हेतु कैंसर केयर ट्रस्ट को सदस्य राजेन्द्र-सरला लोढ़ा, खुबचंद-सरोज कटारिया और अनोखीलाल-हेमलता जैन द्वारा ग्रुप के माध्यम से सहायतार्थ राशी दो लाख का चेक प्रदान किया गया. अभी तक 316 हेल्थ केम्प आठाराह हजार मोतियाबिंद ऑपरेशन 85 हजार नजर के चश्मे नि:शुल्क दिए गए.. सभा में गोपीलाल सामोता, श्रेनिक तांतेड, भंवरलाल कासवा, विजयसिंह नाहर, सुरेन्द्रकुमार मारू, सुरेशचंद जैन, महेश डाकोलिया आदि सदस्य उपस्थित थे. संचालन सचिव किरण संचेती ने किया. आभार अरविन्द चौधरी ने माना,

## सेहत, अनुशासन सिखाएगा 21 दिन पीक परफॉर्मेंस चैलेंज



इंदौर. बदलती जीवनशैली, बढ़ता मानसिक दबाव और असंतुलित दिनचर्या आज बड़ी संख्या में लोगों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार स्वास्थ्य केवल दवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि अनुशासन, संतुलित आहार, मानसिक स्पष्टता और सामाजिक जिम्मेदारी भी उतने ही आवश्यक घटक हैं. इसी व्यापक सोच के साथ एक समग्र जीवनशैली आधारित पहल के रूप में 21 दिन का पीक परफॉर्मेंस चैलेंज शुरू किया जा रहा है. एंडोक्राईनोलॉजिस्ट डॉ. संदीप जुल्का के मार्गदर्शन में यह चैलेंज 4 जनवरी से प्रारंभ होगा. कार्यक्रम को लेकर डॉ. संदीप जुल्का ने कहा कि यह कार्यक्रम इस सिद्धांत पर आधारित है कि किसी भी नई आदत को अपनाने या पुरानी आदत को छोड़ने के लिए कम से कम 21 दिनों का निरंतर अभ्यास आवश्यक होता है. 21 दिन के इस चैलेंज का उद्देश्य प्रतिभागियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक स्तर पर संतुलित जीवन की दिशा में प्रेरित करना है. इस चैलेंज के दौरान प्रतिभागियों को अपने घर से ही दैनिक गतिविधियां करने के निर्देश दिए जाएंगे. इनमें नियमित व्यायाम, प्राणायाम, पर्याप्त जल सेवन और राष्ट्र व समाज के लिए सकारात्मक योगदान जैसे कार्य शामिल होंगे. नेतृत्व गुरु के रूप में मेजर जनरल छावा, ब्रिगेडियर संजीव कुमार और कर्नल यादवेंद्र जादौन प्रतिभागियों को अनुशासन, नेतृत्व, आत्मनियंत्रण और राष्ट्रसेवा के मूल्यों से जोड़ेंगे. ज्ञान गुरु के रूप में डॉ. संध्या चोकसे, बाहुल शास्त्री, अनुभव दुबे, डॉ. भारत रावत और श्रीमती वेदिका श्रीवास्तव प्रतिभागियों से संवाद करेंगे. शारीरिक और मानसिक संतुलन के लिए योग गुरु अश्विनी मालवीय, और व्यायाम गुरु के रूप में मुक्ता सिंह और अंकित सोनी नियमित व्यायाम और शारीरिक सक्रियता के महत्व पर मार्गदर्शन देंगे. मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सत्रों में डॉ. मेजर समिता भूषण (मनोचिकित्सक) तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्वास्थ्य पर चर्चा करेंगी.

## अग्रवाल महासभा देशभर के बंधुओं को जोड़ेगी



इंदौर. अ.भा. अग्रवाल महासभा नए वर्ष में देश के एक करोड़ अग्रवाल बंधुओं को संगठन की मुख्य धारा से जोड़ने के साथ ही प्री वेडिंग शूट एवं तलाक संबंधी मामलों की बढ़ती संख्या की रोकथाम के अलावा प्रत्येक समाज बंधु के घर कुलदेवी महालक्ष्मी एवं पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की तस्वीरें लगाने और मांगलिक प्रसंगों पर 21 से अधिक व्यंजनों के निर्माण को नियंत्रित करने जैसे सामाजिक सुधार के अभियान भी चलाएगी। महासभा ने इंदौर उज्जैन मार्ग को महाराजा अग्रसेन मार्ग घोषित करवाने के लिए भी पुरजोर मांग उठाने का निर्णय लिया है. राजस्थान के कोटा शहर में संपन्न हुए महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के 33 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. पडोसी देश नेपाल के अग्रवाल बंधु भी इस अधिवेशन में भागीदार बने. अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने की. इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री हरि अग्रवाल (इंदौर), मालवा प्रान्त के अध्यक्ष अशोक गोयल (इंदौर) ने अधिवेशन के लौटकर बताया कि अधिवेशन में सामाजिक सुधार की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कोटा की जिला समिति की ओर से उद्योगपति एवं अ.भा. रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राजेश बिरला के मुख्य आतिथ्य में इस अवसर पर समाज सेवा एवं संगठन में योगदान के लिए हरि अग्रवाल एवं अशोक गोयल का सम्मान भी किया गया. नेपाल महासभा के अध्यक्ष केके अग्रवाल, मुंबई से आए किशोर गुप्ता, कोलकाता के रमेश जैन, महिला समिति की अध्यक्ष मृदुला अग्रवाल, दिल्ली के हरिओम गर्ग, जयपुर के भानुप्रताप बंसल, कोटा के सुरेश कुमार गर्ग, दिल्ली के रामेश्वर दास गर्ग आदि ने समाजहित में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए.

## पुतला दहन कर लगाए बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे

महू. मानपुर ब्लॉक सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष पंकज मीणा के नेतृत्व में बुधवार को देर शाम बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के विरोध में आक्रोश व्यक्त करते हुए बांग्लादेश के शासक मोहम्मद युनूस का पुतला दहन किया. इस दौरान बांग्लादेश और मो. युनूस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. इस मौके पर वरिष्ठ नेता गोविंद टेलर, विष्णु मूलचंद यादव, वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, यूथ कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष शाहिद खान, कुमठी से केशी चौधरी, मुकेश परसावदिया, जितेन्द्र मुकाती आदि मौजूद हुए, जहां बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाए. इस दौरान मौके पर मानपुर पुलिस मौजूद रही.

# अप्रिय घटना रोकने नववर्ष से पहले इंदौर में हाई अलर्ट

- रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से मंदिरों तक बीडीडीएस टीम का सर्च ऑपरेशन
- प्रमुख और संवेदनशील इलाकों में पुलिस का दिनरात चलता रहा सर्च अभियान



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नववर्ष की पूर्व संध्या पर शहर में किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए इंदौर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आई. बुधवार को दिनभर और रात में भी शहर के प्रमुख और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की बीडीडीएस टीम द्वारा लाइव सर्च और चेकिंग अभियान चलता रहा. रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अचानक पहुंची टीमों को देखकर आम लोग भी सतर्क नजर आए.**

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर यह विशेष सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है. अभियान की मॉनिटरिंग अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) आरके सिंह और पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) राजेश व्यास के मार्गदर्शन में की जा रही है. बुधवार को बीडीडीएस टीम और सुरक्षा शाखा ने रेलवे स्टेशन, सरवटे बस स्टैंड, गंगवाल बस स्टैंड, रणजीत हनुमान मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, खजराना गणेश मंदिर, आरआर कैट परिसर, राजवाड़ा क्षेत्र और प्रमुख मॉल में सघन तलाशी ली.

### एचएचएमडी व आधुनिक उपकरणों से की जांच

डॉग स्क्वायड के साथ पुलिस ने एचएचएमडी और अन्य आधुनिक उपकरणों से हर संदिग्ध स्थान की जांच की गई. अचानक हुई इस चेकिंग के दौरान यात्रियों और श्रद्धालुओं की गतिविधियों पर भी नजर रखी गई. पुलिस अधिकारियों ने मौके पर मौजूद स्टॉफ को सतर्क रहने के निर्देश दिए. अधिकारियों का कहना है कि शहर में इसी तरह सघन और अचानक चेकिंग पूरी रात चलता रहेगी.

# बायपास पर ट्रक में घुसी कार, 5 घायल

**बेस्ट प्राइज के सामने हुआ सड़क हादसा**

**सभी घायल उत्तरप्रदेश के, एमबाय में किया भर्ती**

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** बायपास स्थित बेस्ट प्राइज के सामने सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रही कार जा घुसी. हादसे में उत्तरप्रदेश के सात युवक घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. सभी घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया है. खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि घटना करीब 3.30 बजे की है. प्याज से भरा ट्रक खराब होने के कारण सड़क किनारे खड़ा था. इसी दौरान इंदौर से यूपी की ओर जा रही कार का चालक वाहन चलाते समय झपकी में चला गया, जिससे वह नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे ट्रक में जा घुसी. टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे में घायल हुए युवकों की पहचान अखिलेश पांडे, अंकिश सिंह, हिमांशु सिंह, रूपेश और अश्विन के रूप में हुई है. चालक के सिर में गंभीर चोट आई है, वहीं उसका पैर स्टेयरिंग में फंस गया था, जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला, दो घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है.

### इधर, खंडवा जा रहे परिवार की कार पलटी, दो घायल

एक अन्य सड़क दुर्घटना में इंदौर से खंडवा जा रही कार भेरूघाट के पास पलट गई. मूसाखेड़ी निवासी कमलेश अपने परिवार के साथ सफर कर रहा था. चोरल के पास ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान कार असंतुलित होकर पलट गई, जिसमें एक महिला सहित दो लोग घायल हुए. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है.

# यात्री ने महिला क्रू मेंबर से की अभद्रता

**इमरजेंसी गेट खोलने का प्रयास किया**

**दी जान से मारने की धमकी, एफआईआर दर्ज**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. एयरपोर्ट पर इंडिगो की एक फ्लाइट में एक यात्री द्वारा महिला क्रू मेंबर और अन्य यात्रियों के साथ बदतमीजी करने का मामला सामने आया है. यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने का प्रयास भी किया. क्रू मेंबर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. मामला 29 दिसंबर का है, एरोड्रम थाने में प्रकरण आज 31 दिसंबर को दर्ज किया गया है.**

थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी शरीफ कुरैशी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि सोमवार रात करीब 9.15 बजे जब फ्लाइट नंबर 6ई-6006 (एयरबस ए-321, रजिस्ट्रेशन वीटी-आईएलएस इंदौर एयरपोर्ट पर खड़ी थी.

विमान के अंदर सीट नंबर 29 ए पर बैठे यात्री सुनिल कुमार सिंह निवासी हरियाणा द्वारा क्रू मेंबर याशी सांगवान और रिया आर्या के साथ बदतमीजी की जा रही थी.

यात्री बार-बार फ्लाइट लेट होने को लेकर नाराजगी जता रहा था और पास में बैठे अन्य यात्रियों से भी अभद्र व्यवहार कर रहा था. समझाइश देने पर आरोपी यात्री ने सुरक्षा कर्मी और क्रू मेंबर के साथ गाली गलौज शुरू कर दी.

विरोध करने पर जान से खत्म करने की धमकी दी और कहा कि फ्लाइट दो घंटे से लेट है, उसे नीचे उतारा जाए. इसी दौरान उसने इमरजेंसी दरवाजा खोलने का प्रयास भी किया, जिससे विमान में अफरा तफरी की स्थिति बन गई. पुलिस ने आरोपी सुनिल कुमार सिंह, निवासी हरियाणा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# इंडिगो की 6 फ्लाइट फिर कैंसिल, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

## लगातार उड़ानों के निरस्त होने से यात्रियों में नाराजगी

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** देश की प्रमुख निजी एयरलाइंस इंडिगो द्वारा उड़ानें निरस्त किए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. मंगलवार को 9 उड़ानें निरस्त करने के बाद बुधवार को भी कंपनी ने इंदौर से जुड़ी अपनी 6 उड़ानों को कैंसिल कर दिया. लगातार उड़ानें निरस्त होने से यात्रियों में नाराजगी है और विमानतल पर दिनभर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही.

विमानतल सूत्रों के मुताबिक, आज निरस्त की गई उड़ानों में सुबह 7.05 बजे दिल्ली से इंदौर आने और 7.40 बजे वापस दिल्ली जाने वाली उड़ान शामिल है. इसके अलावा रात 9.40 बजे अहमदाबाद से इंदौर आकर 10.05 बजे वापस अहमदाबाद जाने वाली उड़ान और 9.40 बजे चेन्नई से इंदौर आकर 10.10 बजे वापस चेन्नई जाने वाली उड़ान भी निरस्त कर दी गई. इन उड़ानों के अचानक कैंसिल होने से यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. बताया जा रहा है कि इंडिगो ने इससे पहले मंगलवार को भी मुंबई, दिल्ली, नासिक और चेन्नई रूट की 9 उड़ानें निरस्त की थीं.




### सबसे ज्यादा परेशान चेन्नई जाने वाले यात्री

लगातार हो रही इस कार्रवाई से रोजाना हजारों यात्री प्रभावित हो रहे हैं. सबसे ज्यादा परेशानी चेन्नई जाने वाले यात्रियों को उठानी पड़ रही है, क्योंकि इंदौर से चेन्नई की केवल एक ही सीधी उड़ान है, जिसे पिछले तीन दिनों से लगातार निरस्त किया जा रहा है. ऐसे में यात्रियों को दूसरे शहरों के रास्ते सफर करना पड़ रहा है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ हैं. हालांकि कंपनी द्वारा दिल्ली और मुंबई रूट के यात्रियों को अन्य उड़ानों में समायोजित करने के साथ रिफंड और रीबुकिंग की सुविधा दी जा रही है, लेकिन लगातार उड़ानें निरस्त होने से यात्रियों की परेशानियां कम नहीं हो पा रही हैं.

# नववर्ष से पहले ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क पर क्राइम ब्रांच का शिकंजा

- ड्रग तस्करी में एक और आरोपी गिरफ्तार



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नववर्ष के मद्देनजर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चल रही सख्त कार्रवाई के तहत क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है. पूर्व में पकड़े गए एमडी ड्रग्स तस्कर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने सप्लायर को चिन्हित कर कार्रवाई की है.

एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट में पहले जवाहर मार्ग क्षेत्र से आरोपी फराज खान को गिरफ्तार किया था, जिसके कब्जे से करीब 11 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक मोबाइल फोन जब्त किया था. जब्त माल की कीमत डेढ़ लाख रुपये आंकी गई थी. पूछताछ में सामने आया कि ड्रग्स को नववर्ष पर होने वाली पार्टियों में खपाने की तैयारी थी. जिसकी जांच में ड्रग्स सप्लायर प्रहलाद, निवासी खंडवास ग्राम बारोड़ के बारे में अहम जानकारी मिली. इसके बाद मुखबिर तंत्र और साइबर तकनीक की मदद से आरोपी को चिन्हित कर गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर शहर में नशे के तस्करों को सप्लाई करता था और नववर्ष पर अधिक दामों पर बेचने की मंशा रखता था. आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है. आरोपी से सप्लाई चेन के अन्य लिंक भी खंगाले जा रहे हैं.

# महू के बेरछा गांव में बम फटा, बुजुर्ग महिला घायल

**महू.** नजदीकी बेरछा गांव में एक 70 वर्षीय महिला कचरा जलाते समय बम फटने से गंभीर रूप से घायल हो गई. उसे तत्काल महू के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है. घटना बुधवार दोपहर की है. महिला का नाम सोनी बाई बताया गया है.

एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने कहा कि महिला का इलाज चल रहा है. मामले की जांच की जा रही है. मिली जानकारी के मुताबिक, यह घटना बेरछा गांव में सोनी बाई के घर के बाहर हुई. बताया गया कि वह अपने घर के बाहर कचरा जला रही थी. जैसे ही उन्होंने कचरे में आग लगाई, एक जोरदार धमाका हुआ. धमाके के कारण महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, उनके शरीर में बम के छर्रे घुस गए. घायल महिला के साथ अस्पताल आई आशा बाई ने बताया कि मैं घर में नहाने के लिए पानी गर्म कर रही थी, तभी अचानक एक तेज धमाके की आवाज आई. जब मैंने बाहर आकर देखा, तो सोनी बाई घायल अवस्था में पड़ी हुई थीं. बता दें कि जिस क्षेत्र में यह हादसा हुआ है, उसके आसपास सेना की फायरिंग रेंज है. अभ्यास के दौरान कुछ बम जमीन में धंस जाते हैं और फटते नहीं हैं. ग्रामीण अक्सर इन बमों को उठाकर ले आते हैं, ताकि उनमें से तांबा निकाला जा सके. इस गांव में पहले भी बम बीनने के दौरान कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं.




# कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर एवं पदेन उप सचिव, म.प्र. शासन, राजस्व विभाग

राजस्व प्रकरण क्रमांक : 0012/अ-82/2025-26

क्रमांक : 1398/भू-अर्जन/री-1/2025 — इन्दौर, दिनांक : 26.12.2025

## लोक सूचना

**भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 नोटिस अन्तर्गत धारा 21 (1) (2) (3) (4) (5) एवं धारा 22 (1) (2)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची-1 में वर्णित भूमि का शासन उसके उल्लेखित प्रयोजन **(इन्दौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड मार्ग के मध्य 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर योजना अन्तर्गत मार्ग निर्माण हेतु)** के लिए आवश्यकता होने से अधिग्रहण करना चाहता है, अत: सरकार का आशय भूमि का कब्जा लेने का है। अतएव उन समस्त व्यक्तियों को जो उस भूमि पर हित रखते हो को नोटिस दिनांक से 30 दिवस के अन्दर स्वत: या अपने अभिकर्ता या अधिवक्ता द्वारा **न्यायालय भू-अर्जन अधिकारी कलेक्टर कार्यालय जिला इन्दौर में या अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग हातोद, जिला इन्दौर, में दिनांक 25.01.2026 को समय प्रात: 10:30 बजे उपस्थित होकर** भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों में अपने हितों की प्रकृति तथा ऐसे हितों के लिए प्रतिकर के उनके दावों की रकम और विशिष्टियां, धारा 12/धारा 20 के अधीन किए गए मापमानों के संबंध में भूमि एवं अन्य परिसम्पत्ति के प्रतिकर इत्यादि संबंधी दावों का पूर्ण विवरण राशि, माप तथा पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के पात्र हितग्राही को धारा 31 के तहत मिलने वाले लाभ आदि सम्बन्धित आपत्तियां यदि कोई हो तो लिखित तौर पर प्रस्तुत करें और अपने दावे/आपत्तियों के समर्थन में जो भी अभिलेखीय साक्ष्य रखते हों वह साथ में प्रस्तुत करें अन्यथा समय-सीमा उपरान्त प्रस्तुत होने वाली किसी भी आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जाएगी।

**अनुसूची-1**

**(1) भूमि का वर्णन**

(क) जिला - इन्दौर

(ख) तहसील - हातोद

(ग) ग्राम - **हातोद**

(घ) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल - **7.158 हेक्ट.**

| सरल क्र. | खाता क्रमांक | भूमि स्वामी का नाम | वर्तमान भूमि खसरा नं. | कुल रकबा (हे.में) | प्रभावित रकबा हेक्ट.में | अर्जित भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | 1 | श्यामलाल पिता मदनलाल जैन पता हातोद हातोद इन्दौर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 694/2/1 | 8.375 | 1.735 | सिंचित |
| 2 | 2 | मेहरबानसिंह पिता नागूसिंह पता सोनगीर इन्दौर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 694/1/3/3 | 0.949 | 0.444 | सिंचित |
| 3 | 3 | मनीराम पिता देवसिंह चौधरी पता हातोद हातोद इन्दौर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 698/1/3/1 | 0.36 | 0.018 | सिंचित |
| 4 | 4 | विक्रमसिंह पिता रामप्रसाद पता छोटा बागंडदा इन्दौर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 694/1/3/1 | 0.949 | 0.259 | सिंचित |
| 5 | 5 | पवित्रा बाई पति राजेश जाति गारी पता भौगल्या इन्दौर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 698/9 | 0.188 | 0.009 | सिंचित |
| 6 | | | 698/1/1 | 0.252 | 0.052 | सिंचित |
| 7 | | | 698/7/5 | 0.133 | 0.133 | सिंचित |
| 8 | | | 698/2/4 | 0.502 | 0.123 | सिंचित |
| 9 | 6 | रोहन रमनलाल मणियार पिता रमनलाल नाथालाल मणियार पता 604 भोपाल ब्लॉक ए पासर एम्परर बावडियाकलां हुजूर भोपाल मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 698/3/2 | 0.117 | 0.026 | सिंचित |
| 10 | | | 698/1/3/2 | 0.136 | 0.007 | सिंचित |
| 11 | 7 | राजेंद्र-सुभाष-बब्बूसिंह-सुमित्राबाई पिता-रतनसिंह कांताबाई बेवा रतनसिंह शांताबाई बेवा छतरसिंह ओमप्रकाश पवित्रा पिता छतरसिंह रीना बेवा जीतेन्द्र मनीष पिता जीतेन्द्र अपा कर्ता रीनाबाई पता हातोद इन्दौर | 698/5/1/1 | 0.635 | 0.013 | सिंचित |
| 12 | 8 | शंकरलाल गोरख पिता भेरुलाल जाति भोई पता हातोद हातोद इन्दौर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 694/1/2/1/3 | 0.506 | 0.018 | सिंचित |
| 13 | 9 | तेजकरण पिता निहालजी पता हातोद हातोद इन्दौर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 698/6 | 2.865 | 1.463 | सिंचित |
| 14 | | | 698/4 | 0.624 | 0.01 | सिंचित |
| 15 | | | 698/7/1 | 1.457 | 0.762 | सिंचित |
| 16 | 10 | जीतेन्द्र पिता भगतसिंह संदीप पिता भगतसिंह जाति गारी पता हातोद हातोद इन्दौर मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | 698/8/2 | 0.906 | 0.288 | सिंचित |
| 17 | | | 694/1/3/2 | 1.898 | 0.805 | सिंचित |
| 18 | | | 698/8/1 | 3.508 | 0.529 | सिंचित |
| 19 | 11 | ग्राम नौकर सेवा भूमि सेवा खातेदार | 683 | 4.047 | 0.464 | सिंचित |
| | | | कुल रकबा | | 7.158 | |

हस्ता./- (शिवम वर्मा)

कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव


म.प्र. माध्यम/123766/2025 — म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, जिला इन्दौर (म.प्र.)


एक नजर में — प्रमुख चौराहों, होटल-ढाबों और शहर की सीमाओं पर सघन चैकिंग की, शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग और तेज रफ्तार वालों पर सख्ती

# 31st की रात शहरभर में पुलिस की कड़ी चेकिंग, हुड़दंगियों पर रही पैनी नजर

**इंदौर। नववर्ष के जश्न के बीच कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थर्टी फर्स्ट की पूरी रात इंदौर पुलिस सड़कों पर मुस्तैद रही। प्रमुख चौराहों, होटल-ढाबों और शहर की सीमाओं पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग और तेज रफ्तार पर पुलिस ने सख्ती दिखाई।**





थर्टी फर्स्ट की रात को लेकर इंदौर पुलिस पहले से अलर्ट मोड पर थी। देर शाम से ही शहर के एमजी रोड, विजय नगर, पलासिया, राजवाड़ा, भंवरकुआं, एरोड्रम रोड, बायपास और एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, वहीं संदिग्ध वाहनों और युवकों से पूछताछ भी की गई।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक रात भर चले अभियान में बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। कई वाहन चालकों के चालान काटे गए, जबकि कुछ को मौके पर ही समझाइश देकर छोड़ा गया। हुड़दंग मचाने और सड़क पर स्टंट करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

महिला सुरक्षा को लेकर भी पुलिस ने विशेष ध्यान रखा। संवेदनशील इलाकों में महिला पुलिस बल की तैनाती की गई, वहीं डायल-100 और एफआरवी लगातार पेट्रोलिंग करती रहीं। पुलिस अधिकारियों ने स्वयं सड़कों पर उतरकर मोर्चा संभाला और जवानों को लगातार दिशा-निर्देश देते रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नववर्ष की रात शांति और सुरक्षा बनाए रखना प्राथमिकता थी। इसी के चलते पूरी रात चैकिंग और पेट्रोलिंग की गई। शहर में कहीं भी कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई, जो पुलिस की मुस्तैदी का नतीजा।